राष्ट्रीय सहारा
22 जून, 2015

# प्रकाश जावड़ेकर ने वैज्ञानिकों के साथ किया योग



आईजीएनएफए में योगाभ्यास करते केंद्रीय राज्य मंत्री प्रकाश जावड़ेकर व विभिन्न संस्थानों के वन वैज्ञानिक।

- आईजीएनएफए में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में कई संस्थानों ने लिया भाग
- रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भी शामिल हुए केंद्रीय राज्यमंत्री

देहरादून (एसएनबी)। देश-दुनिया की तरह देहरादून में भी विश्व योग दिवस पर जगह-जगह योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रकाश जावड़ेकर ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी परिसर में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। सुबह 6:45 बजे यहां पर भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, वन अनुसंधान संस्थान व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी, भारतीय वन सर्वेक्षण, भारतीय वन्यजीव संस्थान, एफआरआई सम विश्वविद्यालय आदि संस्थानों के अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कर्मचारियों व शोधार्थियों ने योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर अकादमी परिसर में योग से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अपर महानिदेशक डा. एसएस नेगी, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद के महानिदेशक डा. अश्विनी कुमार, एफआरआई की निदेशक डा. सविता, डा. विनोद कुमार, अजय कुमार, डा. बीबी माथुर आदि ने भी योगाभ्यास कार्यक्रम में भाग लिया। आईजीएनएफए के बाद केंद्रीय राज्य मंत्री जावड़ेकर ने रेंजर्स ग्राउंड में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में भी भाग लिया। यहां पर पतंजलि योगपीठ द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

## केंद्रीय मंत्री ने की शोध परियोजनाओं की समीक्षा

देहरादून (एसएनबी)। केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) प्रकाश जावड़ेकर दो दिवसीय दून दौरे के बाद रविवार दोपहर को वापस दिल्ली लौट गये। वे शनिवार शाम को दून पहुंचे थे। इसके बाद उन्होंने वन अनुसंधान संस्थान में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, राष्ट्रीय इंदिरा गांधी वन अकादमी, भारतीय वन सर्वेक्षण, भारतीय वन्य जीव संस्थान आदि संस्थानों के अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यों की समीक्षा की। शोध परियोजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही लेटलतीफी पर उन्होंने नाराजगी भी जताई है। कहा कि सभी संस्थान निश्चित अवधि में परियोजनाओं को पूरा करें। वानिकी से जुड़े समुदायों को वनोपज का उचित लाभ पहुंचाने व वन्य जीवों के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाने के निर्देश भी उन्होंने विभागीय अधिकारियों को दिये हैं। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अतिरिक्त महानिदेशक (वन) डा. एसएस नेगी भी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

पून दर्पण
22 जून, 2015

# केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावेडकर ने एफआरआई व रेंजर्स ग्राउंड में किया योग

देहरादून २१ जून (एजेंसी)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के पवेलियन मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावेडकर ने भाग लिया।

आज प्रातः ६.४५ पर आयोजित इस योग कार्यक्रम में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, वन अनुसंधान संस्थान व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के भारतीय वन सेवा प्रविक्षार्थी, भारतीय वन सेवा अधिकारी, भारतीय वन्य जीव संस्थान, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, वन विभागों व एफआरआई यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के साथ ही समस्त वैज्ञानिक, वरिष्ठ वन अधिकारी, कर्मचारी व उनके पारिवारिकजनों ने भारी मात्रा में भाग लिया तथा विभिन्न योग प्रक्रियाएं की।

कार्यक्रम के तत्पश्चात प्रकाश जावेडकर व डॉ. एसएस नेगी, ने पतंजलि योग पीठ द्वारा रेंजर्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित योग कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने योग के बारे में बताया। तदोपरांत प्रकाश जावेडकर व डॉ. एसएस नेगी ने वन अनुसंधान संस्थान, जलवायु परिवर्तन एवं वन शिक्षा निदेशालय, केन्द्रीय राज्य वन सेवा अकादमी आदि विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यो की समीक्षा की।


इस अवसर पर समीक्षा कार्यक्रम में डॉ. अश्वनी कुमार, महानिदेशक, भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद डॉ. विनोद कुमार, निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमीय अनमोल कुमार, महानिदेशक, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, डॉ. सविता, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान अजय कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय, डॉ. वीबी माथुर, निदेशक, भारतीय वन्य जीव संस्थान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



एफआरआई में योग करते केन्द्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर । छाया एजेंसी

GARHWAL POST
22 June, 2015

# Prakash Javadekar visits FRI



By OUR STAFF REPORTER

DEHRADUN, 21 June: Prakash Javadekar, Union Minister of State (Independent Charge) Ministry of Environment, Forest and Climate Change, Government of India, along with Dr SS Negi, IFS, ADG (FC) from MoEF visited Forest Research Institute, on June 20.

After arrival, Union Minister reviewed and monitored the ongoing programmes of the Indian Council of Forestry Research and Education, Indira Gandhi National Forest Academy, Forest Survey of India, and Wild Life Institute of India. The ongoing programmes, activities, progress of Dehradun based forestry organizations like ICFRE, IGNFA, FSI were presented by their respective heads namely Dr Ashwani Kumar, Dr Vinod Kumar, and Anmol Kumar before the minister.

The guests also participated in the celebrations of the international day of yoga, organized at IGNFA Pavilion Ground, FRI.

All officers, faculty members and IFS probationers of IGNFA, officers, scientists, staff of ICFRE/FRI and their families and students of FRI University etc. participated in the above yoga programme.

After this programme Javadekar, also attended the Patanjali Peeth yoga programme at Ranger's Ground.


दैनिक जागरण
22 जून, 2015

# केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने लिया वन संस्थानों का जायजा

**देहरादून:** केंद्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन प्रकाश जावड़ेकर और अतिरिक्त महानिदेशक (वन संरक्षण) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय डॉ. एसएस नेगी ने दो दिवसीय देहरादून दौरे के तहत भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी और भारतीय वन्य जीव संस्थान आदि का जायजा लेकर इनमें किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की।

रविवार को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में भी प्रकाश जावेड़कर ने भाग लिया। कार्यक्रम में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, वन अनुसंधान संस्थान और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के भारतीय वन सेवा प्रविक्षार्थी, भारतीय वन सेवा अधिकारी, भारतीय वन्य जीव संस्थान, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, वन विभागों व एफआरआइ विवि के छात्र-छात्राओं व अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसके बाद केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेड़कर ने रेंजर्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित योग कार्यक्रम में शिरकत की। इसके बाद संस्थानों की समीक्षा की गई।

I-NEXT
22 June, 2015



एफआरआई में योगा करते केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर.

हिन्दुस्तान
22 जून, 2015

## योगमय हुई इंदिरा गांधी वन अकादमी

**देहरादून।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी में केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बतौर मुख्य अतिथि सैकड़ों छात्रों, अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ योग किया। अकादमी निदेशक विनोद कुमार ने उनका स्वागत किया। अपर महानिदेशक पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन भारत सरकार डॉ.एसएस नेगी इस दौरान विशेष रूप से मौजूद रहे।

शाह टाइम्स
22 जून, 2015

# जावडेकर ने किया वन अनुसंधान संस्थान का दौरा

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जल वायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार, प्रकाश जावडेकर ने किया वन अनुसंधान संस्थान का दो दिवसीय दौरा किया।

केन्द्रीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) पर्यावरण, वन एवं जल वायु परिवर्तन मंत्रालय प्रकाश जावडेकर एवं डॉ. एसएस नेगी, अतिरिक्त महानिदेशक (वन संरक्षण) पर्यावरण, वन एवं जल वायु परिवर्तन मंत्रालय गत दिवस वन अनुसंधान संस्थान पहुचे। मंत्री प्रकाश जाबेडकर एवं डॉ. एस.एस. नेगी ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी एवं भारतीय वन्य जीव संस्थान आदि संस्थानों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस समीक्षा में सभी

**संस्थानों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की**

संस्थानों के प्रमुखों ने किए जा रहे कार्यों का ब्योरा मुख्य अतिथि के समक्ष प्रस्तुत किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के पवेलियन मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रकाश जावेडकर ने भाग लिया। योग कार्यक्रम में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् वन अनुसंधान संस्थान व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के भारतीय वन सेवा प्रविक्षार्थी, भारतीय वन सेवा अधिकारी, भारतीय वन्य जीव संस्थान, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, वन विभागों व एफ. आर.आई. यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के साथ ही समस्त वैज्ञानिक, वरिष्ठ वन अधिकारी, कर्मचारी व उनके पारिवारिक जनों ने भारी मात्रा में भाग लिया तथा विभिन्न योग प्रक्रियाएं की।

कार्यक्रम के तत्पश्चात मंत्री, प्रकाश जावेडकर व डॉ. एस.एस. नेगी, ने पतंजली योगपीठ द्वारा रेंजर्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित योग कार्यक्रम में शिरकत की। तदोपरांत मंत्री प्रकाश जावेडकर व डा. एस. एस. नेगी ने वन अनुसंधान संस्थान, जल वायु परिवर्तन एवं वन शिक्षा निदेशालय, केन्द्रीय राज्य वन सेवा अकादमी आदि विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा कार्यक्रम में डॉ. अश्वनी कुमार, डा. विनोद कुमार, निदेशक, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमीय अनमोल कुमार, महानिदेशक भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, डॉ. सविता, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थानय अजय कुमार, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, क्षेत्रीय कार्यालय, डा. वीबी माथुर, उपस्थित थे।

उत्तरांचल दीप
22 जून, 2015

# वनाधिकारियों ने भी किया योग



आईजीएनएफए में योग करते केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेडकर।

देहरादून। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के पवेलियन मैदान में योग पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावेडकर और एडीजी वन संरक्षण डा एसएस नेगी ने कार्यक्रम में विशेष तौर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सुबह साढ़े छह बजे से हुए इस कार्यक्रम में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, वन अनुसंधान संस्थान व इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के भारतीय वन सेवा प्रविक्षार्थी, भारतीय वन सेवा अधिकारी, भारतीय वन्य जीव संस्थान, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, वन विभागों व एफआरआई यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के साथ ही सभी वैज्ञानिक, वरिष्ठ वन अधिकारी, कर्मचारी व उनके परिजनों ने बढ़ चढ़कर भाग लेते हुए विभिन्न योग क्रियाएं की। योग दिवस कार्यक्रम के सिलसिले में दून पहुंचे केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावेडकर ने वन अनुसंधान संस्थान, जंलवायु परिवर्तन एवं वन शिक्षा निदेशालय, केन्द्रीय राज्य वन सेवाअकादमी आदि विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की।

उत्तर भारत लाइव
22 जून, 2015



# संस्थानों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा

देहरादून (संवाददाता)। केन्द्रीय पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर और वन संरक्षण अतिरिक्त महानिदेशक डा. एसएस नेगी ने भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी और भारतीय वन्य जीव संस्थान, संस्थानों में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा में सभी संस्थानों के प्रमुखों के किए जा रहे कार्यों का ब्यौरा उनके समक्ष प्रस्तुत किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पवेलियन मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रकाश जावेडकर ने भाग लिया। सुबह पौने सात बजे आयोजित कार्यक्रम में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद्, वन अनुसंधान संस्थान व इंदिरागांधी राष्ट्रीय वनअकादमी के भारतीय वनसेवा प्रविक्षार्थी, भारतीय वन सेवा अधिकारी, भारतीय वन्य जीवसंस्थान, भारतीय वन सर्वेक्षण विभाग, वन विभागों और एफआरआई यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के साथ ही समस्त वैज्ञानिक, ने भाग लिया तथा विभिन्न योग प्रक्रियाएं की। कार्यक्रम के बाद प्रकाश जावेडकर और डा. एसएस नेगी, ने पतंजली योगपीठ द्वारा रेंजर्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित योग कार्यक्रम में शिरकत की।



दोनों ने अकादमी और विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। मंत्री ने मंत्रालय के विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए सभी अधिकारियों से देश के लिए उत्कृष्ट कार्य किए जाने की बात कही।

**◎ केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने पवेलियन मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में शिरकत की**

कार्यक्रम में भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् के महानिदेशक डा.अश्वनी कुमार, इंदिरागांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के निदेशक डा. विनोद कुमार, भारतीय वनसर्वेक्षण विभाग के निदेशक अनमोल कुमार, डा. सविता, निदेशक, वन अनुसंधान संस्थान, अजय कुमार अपर प्रधानमुख्य वनसंरक्षक क्षेत्रीय कार्यालय, डा. वीबी माथुर निदेशक,भारतीय वन्य जीवसंस्थान आदि मौजूद थे।

उत्तर भारत लाइव
22 जून, 2015



THE TRIBUNE
22 June, 2015

## INTL YOGA DAY

JOTIRMAY THAPLIYAL
TRIBUNE NEWS SERVICE

DEHRADUN, JUNE 21

A large number of enthusiasts, including children, participated in mass yoga events organised in the city today to mark the first International Yoga Day as the weather also favoured them. The state government, which had been perplexed whether to oppose or support the celebrations, also participated in the event.

Earlier, the government had questioned the logic behind the celebrations. Chief Minister Harish Rawat and state Congress president Kishore Upadhyay had publicly said Prime Minister Narendra Modi should rather focus on creating jobs for yoga teachers. However, to the contrary, Harish Rawat and Health Minister Surendra Singh Negi attended a yoga camp at Pavilion Ground.

On the other hand, the day was nothing but a platform for the BJP to express solidarity with Prime Minister Narendra Modi. State BJP president Teerath Singh Rawat, Ajay Bhatt and Trivendra Rawat reached the Rangers college ground during morning hours to perform yoga.

It was not just Yoga Day for which Union Environment Minister Prakash Javadkar was in the city today. He also presided over a meeting to review the ongoing programmes of the Indian Council of Forestry Research and Education, the Indira Gandhi National Forest Academy, the Forest Survey of India and the Wildlife Institute of India.

IFS probationers at the Indira Gandhi National Forest Academy demanded that yoga should be part of the IFS curriculum.

अमर उजाला
22 जून, 2015

# केंद्रीय मंत्री जावडेकर ने दून में किया योग

अमर उजाला ब्यूरो

**देहरादून।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री प्रकाश जावडेकर ने पवेलियन ग्राउंड और रेंजर्स ग्राउंड में योग शिविर में हिस्सा लिया। साथ ही उन्होंने युवाओं को योग की अहमियत बताई। योग दिवस के मौके पर इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वन अकादमी के पवेलियन मैदान में आयोजित योग कार्यक्रम में सुबह 6:45 बजे वन मंत्री प्रकाश जावडेकर पहुंचे। उन्होंने तमाम वन एवं वन्य जीव संस्थानों के अधिकारियों के साथ योग शिविर में हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि योग से निश्चित तौर पर देश की तरक्की संभव है। इसके बाद उन्होंने पतंजलि योगपीठ की ओर से रेंजर्स कालेज ग्राउंड में आयोजित योग कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। इस मौके पर आईसीएफआरई निदेशक डा. अश्वनी कुमार, डा. सविता, डा. वीबी माथुर, अनमोल कुमार आदि मौजूद रहे।

THE PIONEER
22 June, 2015

# Everyone must exercise one hour daily: Min

PNS ■ DEHRADUN

The Minister for Environment, Forests and Climate Change, Prakash Javadekar said that it is essential for people to undertake at least one hour of physical exercise daily.

The system of exercise depends on personal choice, he said, while adding that India's traditional system of Yoga had been scientifically proven to be beneficial for the body and mind and had also been accepted by the international community for its benefits. The minister said this while talking to the media on the sidelines of the international day of Yoga programme organized by the Indira Gandhi National Forest Academy (IGNFA) here on Sunday. The academy held the international day of Yoga programme on its New Hostel Ground with Javadekar and upto 600 officers of Forestry institutions in Dehradun, officer trainees, staff and their family members participating.

The union minister was welcomed by IGNFA director Vinod Kumarin the presence of Additional Director General of Forests (Forest Conservation) Dr Sharad Singh Negi. The programme was held as per the common protocol of Yoga Asanas and postures as prescribed by the Ministry of AYUSH, and performed under the guidance of trained Yoga instructors.



An exhibition showcasing 15 Asanas and other Yogic postures was also displayed on the ground. The participants on the occasion also included Indian Council of Forestry Research and Education (ICFRE) director general Dr Ashwani Kumar, Forest Survey of India director general Dr Anmol Kumar, Wildlife Institute of India director Dr VB Mathur, Forest Research Institute director Dr Savita, faculty members, IFS probationers of 2013-15 and 2014-16 batches, scientists and research scholars from FRI, WII and FSI, officer trainees from CASFoS and Rangers College, Haldwani among others.

The minister also attended the Patanjali Peeth Yoga programme organised at Ranger's Ground. BJP State chief Tirath Singh Rawat, leader of opposition Ajay Bhatt and others were among those present on the occasion.

## JAVADEKAR REVIEWS FOREST WORKS

PNS ■ DEHRADUN

Union Minister of Environment, Forests and Climate Change Prakash Javadekar reviewed the works of various forest and wildlife related institutions in Dehradun after his arrival here on the weekend. The Minister reached here along with ADG (Forest Conservation) Dr Sharad Singh Negi after which he reviewed the ongoing programmes of the Indian Council of Forestry Research and Education (ICFRE), Indira Gandhi National Forest Academy (IGNFA), Forest Survey of India, Wildlife Institute of India and other related institutions. The heads of the institutions concerned presented reports on the activities of their institutions and the progress therein.

Javadekdar and Negi also reviewed the ongoing programmes of FRI, Regional office of the Ministry, Directorate of Climate Change and Forest Education with presentations by FRI director Dr Savita, APPCF, Regional Office of the Ministry at Dehradun, Ajay Kumar and Forest Education director MP Singh.